रविवार
06 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पहले मिला आरोपित अमर का गमछा पुलिया के नीचे पानी से निकली लाश 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### राजद विधायक मुकेश को जान से मारने की धमकी

**पटना।** बेखौफ अपराधियों ने महुआ से राजद विधायक व तेजस्वी यादव के बेहद करीबी माने जानेवाले मुकेश रौशन को जान से मारने की धमकी दी है। धमकी की खबर सामने आने के बाद जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जिले के पुलिस कप्तान ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल नगर थानाध्यक्ष को मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात तकरीबन 11:20 बजे के करीब अपराधियों ने फोन करके महुआ विधायक मुकेश रौशन को जान से मारने की धमकी दी है। फोन पर मिली धमकी के बाद विधायक ने तत्काल इसकी सूचना एसपी मनीष को दी। एसपी ने नगर थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। विधायक मुकेश रौशन के खिलाफ पहले से 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### महिला को डायन बता घर में जिंदा जला दिया

**पटना।** बिहार के गया जिले में एक महिला को डायन बताकर घर में ही जिंदा जला देने का मामला सामने आया है। घटना सेवरा पंचायत के पचमह गांव की है। महिला की पहचान रीता देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव किया। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। आरोप लगा था कि रीता देवी ने उसे मार डाला है। इसे लेकर शनिवार को पंचायत भी बुलाई गई, जिसमें गांव के सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। इससे पहले पंचायत में कोई निर्णय होता, गांव के कुछ लोगों ने रीता देवी के घर पर हमला बोल दिया। रीता देवी के घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी।

### वाराणसी में गंगा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। गंगा किनारे सुर की सहिता बह रही है। प्रदेश सरकार में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' और स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नमो घाट पर दीप प्रज्जवलित करके गंगा का पूजन किया। इसके बाद मंच पर दुर्गा प्रसाद प्रसन्ना ने शहनाई बजाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आह्वान किया। रुचि मिश्रा और विशाल कृष्णा ने कथक नृत्य, सम्यक पराशरी ने बांसुरी, राजीव कुमार मलिक और राहुल रोहित मिश्रा ने ने शास्त्रीय गायकी साथ ही कृष्णाक्षी कश्यप ने सतरिया नृत्य चलो प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। रविंद्र जायसवाल ने कहा पवित्र नदी मां गंगा के तट पर अति सौंदर्य और मनोरम माहौल है। यहां पर वाद्य-वृंद रचनाओं के साथ मिश्रण है। यह शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

# आरा से अगवा आभूषण व्यवसायी की हत्या

**बिहार में अपराध:** अपहरण के दो दिन बाद रानीसागर के पास बोरे में बंद कर नाले में फेंका मिला शव

**गैरजिम्मेदार खाकी:** सवालों के घेरे में पुलिस का सूचना तंत्र, अपहरण के बाद हवा में तीर चलाती रही पुलिस

**किराए का विवाद:** मारपीट के बाद गला घोंट कर व्यवसायी की हत्या किये जाने की आशंका

**केटी न्यूज/आरा**

आखिर जिसका डर था, वही हुआ। आरा से अगवा आभूषण व्यवसायी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता की हत्या कर दी गयी है। उनका शव अपहरण के दो दिन बाद शनिवार की दोपहर आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर के पास नाले से बरामद किया गया। शव को पुलिया के नीचे बोरे में बंदकर फेंकने के बाद पत्थर से दबा दिया गया था। मारपीट के बाद गला घोंट कर हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। व्यवसायी हरिजी गुप्ता महाजन टोली नंबर एक के रहने वाले थे। उनकी आरा में तीन और पटना में आभूषण की दो दुकानें हैं। बुधवार की शाम आरा नगर थाना क्षेत्र के बाइपास पर बलुआही स्थित मार्केट से उनको अगवा किया गया था। व्यवसायी का शव मिलते ही पटना, आरा समेत पूरे बिहार में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर एएसपी हिमांशु और जगदीशपुर डीएसपी राजीव चंद्र सिंह, मौके पर पहुंचे। व्यवसायी के परिजन ने शव की पहचान की। शव को पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया।

**हत्या के खिलाफ आज आरा बंद :** हरिजी गुप्ता की हत्या के विरोध में व्यवसायी संघर्ष मोर्चा ने रविवार को आरा बंद का ऐलान किया है। इससे पहले संघर्ष मोर्चा ने शनिवार को मार्च निकाल हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं भाकपा माले ने भी रविवार को प्रतिरोध मार्च निकालने का ऐलान किया है।



आभूषण व्यवसायी का शव मिलने के बाद रानीसागर में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।

- मारपीट के बाद गला घोंट कर हत्या किये जाने की आशंका
- व्यवसायी हरिजी गुप्ता आरा के महाजन टोली नंबर एक के रहने वाले थे
- उनकी आरा में तीन और पटना में दो आभूषण की दुकानें हैं
- शव मिलने के बाद शहर के व्यवसायियों और अधिवक्ताओं में आक्रोश



हत्या की घटना का पता लगाने के लिए पहुंचे डीआईजी व अन्य पुलिस अधिकारी।

## डीआईजी बोले- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगा मौत का कारण

किराये के विवाद को लेकर हुए झगड़े के बाद हत्या की घटना हुई है। डेड बॉडी मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कार भी जब्त कर ली गयी है। अन्य की गिरफ्तारी को लेकर टीम बना छापेमारी की जा रही है।

**क्षत्रनील सिंह,**
**डीआईजी, शाहाबाद**

### किराये के विवाद में की गयी व्यवसायी की हत्या

आभूषण व्यवसायी हरिजी गुप्ता की किराये के विवाद में अपहरण कर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अपहरण व हत्याकांड में इस्तेमाल कार और बाइक भी बरामद कर ली गई है। पूर्व किरायेदार और उसके पुत्र सहित आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। हालांकि मुख्य आरोपित सह किरायेदार अमर कुमार अभी पकड़ से बाहर है। अपहरण को लेकर व्यवसायी के पुत्र उदय प्रकाश गुप्ता के बयान पर अमर कुमार, उसके दोस्त रितेश, पूर्व किरायेदार नाजो खातून और उसके पुत्र राजा सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें अमर कुमार सहित अन्य पर किराए के विवाद को लेकर अपने पिता के साथ गाली गलौज और मारपीट करने के बाद अपहरण करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में पुलिस ने रितेश को गिरफ्तार कर लिया है। नाजो खातून सहित अन्य को भी हिरासत में लिया गया है।

### घटना के बाद सक्रिय रहती पुलिस तो बच सकती थी जान

शाहाबाद रेंज डीआईजी क्षत्रनील सिंह भी आरा पहुंचे और एसपी संजय कुमार सिंह के साथ मामले की जानकारी ली। डीआईजी व्यवसायी के मार्केट गये और जायजा लिया। मार्केट में मौजूद लोगों से पूछताछ कर भी जानकारी ली। इधर, हत्या और शव मिलने के बाद शहर के व्यवसायियों और अधिवक्ताओं में आक्रोश का माहौल रहा। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया कि अपहरण की घटना होने के बाद भी पुलिस का रवैया काफी सुस्त रहा। पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह फेल रहा। अगर सूचना तंत्र मजबूत होता तो अपहरण की घटना के चंद घंटों बाद ही व्यवसायी को सकुशल बरामद कर लिया जाता। लेकिन पुलिस की सुस्ती के कारण व्यवसायी की जान चली गई। लोगों ने आशंका जताई है कि पुलिस ने अपनी कार्यशैली में बदलाव नहीं किया तो आगे ऐसी घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं शव मिलने के बाद व्यवसायी और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

### बिहार में जंगलराज रिटर्नस, फिर से बढ़ने लगीं घटनाएं

अपहरण के बाद हुई हत्या की इस घटना ने 90 के दशक में बिहार में जंगलराज की याद ताजा कर दी। जदयू के समर्थन से राजद की सत्ता में वापसी के बाद एक बार फिर बिहार में अचानक आपराधिक घटनाओं में इजाफा हो गया है। लालू प्रसाद के शासनकाल के दौरान अपहरण, रंगदारी और हत्या की घटना आम हो गई थी। लोग दहशत के साए में जीने को विवश थे। स्थिति यह थी कि रात के समय में लोग सड़क पर निकलने से डरते थे। जदयू और राजद के समर्थन से बनी नीतीश सरकार के सत्ता में आने के बाद बिहार में एक-के-बाद-एक आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। तेजस्वी यादव भले ही राजद की पुरानी छवि को बदलने में लगे हुए हैं। नीतीश कुमार जनता राज का दंभ भर रहे हैं लेकिन सच्चाई यही है कि अपराधी एक बार फिर बेलगाम हो गए हैं। इसका ताजा उदाहरण अगस्त में हुई खगड़िया की घटना है। यहां दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर गई। वहीं दूसरी घटना जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसमें तीन अपराधी हथियार का भय दिखाकर खाद बीज व्यवसायी से पांच लाख रुपये की रंगदारी माँग रहे थे। वहीं तीन नवंबर 2022 को कटिहार जिले में अपराधियों ने पेट्रोल पंप संचालक से जबरन हथियार के बल पर 11 लाख से ज्यादा रुपये लूट लिए। इससे पहले सितंबर माह में पटना में बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के गुर्गों ने सरकारी दफ्तर में घुसकर इंस्पेक्टर को धमकी दी। सगुना मोड़ पर बीच सड़क पर गाड़ी से कुचल कर मार डालेंगे। हाल के समय में आरा में भी हत्या की कई वारदातें हो चुकी हैं।

संबंधित खबर पेज दो पर

## शिक्षा विभाग की उपनिदेशक विभा कुमारी के कई ठिकानों पर छापा

- पद का दुरुपयोग कर बनाई अकूत संपत्ति, दिल्ली, पटना में फ्लैट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शिक्षा विभाग की उपनिदेशक विभा कुमारी के कई ठिकानों पर शनिवार को आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने छापा मारा। ईओयू की इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। आय से अधिक संपत्ति मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने केस दर्ज किया, इसके बाद पटना के सगुना मोड़ स्थित वसी कुंज कॉम्प्लेक्स स्थित फ्लैट, विभा के वैशाली स्थित ससुराल और उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय विकास भवन में तलाशी ली गई। आर्थिक अपराध इकाई की छापेमारी में पता चला है कि ये 1993 में सरकारी सेवा में आई हैं। इनका आचरण एवं कार्य संदिग्ध और विवादास्पद रहा है। इन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर स्वयं, पति तथा पुत्र के नाम पर रोहिणी दिल्ली में डीडीए के 3 प्लॉट, पटना में आवासीय फ्लैट, मुजफ्फरपुर एवं ससुराल में कुल 4 आवासीय भूखंड अर्जित किया है। छापेमारी में भारतीय स्टेट बैंक के 18 बैंक खाता, जिसमें 1880750 रु के फिक्स डिपॉजिट के कागजात मिले हैं। इसके अलावे आईसीआईसीआई बैंक में 14 बचत ऐवं फिक्स डिपाजिट खाता, जिसमें 11 लाख जमा है। सेंट्रल बैंक में दो खाता, इंडियन बैंक में एक, पटना के केनरा बैंक में 1 तथा दिल्ली केनरा बैंक में एक बैंक खाता का पता चला है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में चार बचत खाता एवं 20 लाख रुपए का फिक्स डिपाजिट के कागजात मिले हैं।

## सरदार पटेल भवन ऐसा बना है कि भूकंप आने पर भी इसे कुछ नहीं होगा: सीएम

### नीतीश कुमार ने इंडियन बिल्डिंग कांग्रेस की 101वीं कौंसिल मीट का किया उद्घाटन

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के ज्ञान भवन में शनिवार से इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस की दो दिवसीय 101वीं गवर्निंग कौंसिल मीट की शुरूआत हुई। पहले दिन हुए टेक्निकल सेमिनार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने आए इंजीनियरों को संबोधित करते हुए कहा कि हम भी इंजीनियर हैं, नौकरी मिल रही थी लेकिन किया नहीं। आंदोलन में कूद पड़े। हमने बिहार में कई काम किये हैं। कई बिल्डिंग, अंतरराष्ट्रीय स्तर का संग्रहालय बनवाया है। आप सब वहां जाकर जरूर देखें और अपनी राय दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार गरीब राज्य है। इसके बाद भी हमने कई काम किये हैं। कहा कि आप जहां हैं उसके बगल में बापू सभागार हमलोगों ने बनवाया है। वहां एक साथ पांच हजार क्षमता का सभा भवन है। इतना बड़ा भवन पूरे देश में कहीं नहीं हैं। आपलोग जरूर देखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने एक-एक चीज बनाया है। आप लोगों से आग्रह करेंगे कि बिहार म्यूजियम को भी देखिए, अंतरराष्ट्रीय स्तर का बिहार म्यूजियम बनवाए हैं। बड़ी बात यह है की बिल्डिंग बने या सड़क या फिर पुल, उसका निरंतर मेंटेनेंस होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि कोई कमी हो जाए। हमने संबंधित विभाग से कहा है कि और जितनी बहाली करनी है करिए। अगर कोई बिल्डिंग बन जाए तो उसका लगातार मेंटेनेंस होना चाहिए। अगर मेंटेनेंस होगा तो कोई गड़बड़ी नहीं होगी। आप लोग सरदार पटेल भवन भी देख लीजिए। भूकंप तीव्रता अगर रिक्टर स्केल-9 पर हो तो भी कुछ नहीं हो सकता है। सरदार पटेल भवन का हमने हमने ऐसा बिल्डिंग बना दिया है। बिल्डिंग के ऊपर में ही हेलीपैड बनवा दिया है। इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह उपस्थित थे।

## गोरखपुर को निवेश के उद्देश्य से बेहतरीन शहर बनाना है: योगी

**एजेंसी/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम गोरखपुर में उद्यमियों और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ संवाद किया। एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, गोरखपुर सिर्फ एक शहर का नाम नहीं है। यह व्यापार का बड़ा केंद्र है। यहां जितना बिजनेस पूरे देश में कहीं और नहीं है। स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यापार आदि के लिए करीब 7 करोड़ लोग गोरखपुर पर निर्भर हैं। इतनी तो कई देशों की आबादी भी नहीं है। बदलते गोरखपुर की नई तस्वीर में सबको अपना योगदान देना है। सरकार की मंशा गोरखपुर को निवेश का बेहतरीन गंतव्य बनाने की है। यहां के उद्यमी और व्यापारी निवेश करेंगे



तो बाहर के निवेशक भी यहां आने के लिए प्रेरित होंगे। आमदनी बढ़ाने के लिए निवेश बढ़ाना होगा। कहा कि एनसीआर को छोड़ दें तो जितना निवेश गोरखपुर में हुआ है वह कहीं और नहीं दिखता। 8600 करोड़ रुपये से बना खाद कारखाना, 1100 करोड़ से बना एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर के साथ ही गोरखपुर में चार विश्वविद्यालय हैं।

## राजगीर में जल्द ही शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध होगा गंगाजल : नीतीश

### गुरुनानक देव जी महाराज के 554 वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज/पटना**

गुरुनानक देव जी महाराज के 554 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर राजगीर के शीतलकुंड गुरुद्वारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शीतलकुंड गुरुद्वारा में मत्था टेककर राज्य की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर आयोजन



मंडली की ओर से मुख्यमंत्री को शिरोपा, अंगवस्त्र, कटार एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने शीतलकुंड गुरुद्वारा परिसर में नवनिर्मित 'गुरुनानक निवास' अतिथिशाला का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने अतिथिशाला का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द राजगीर में गंगाजल शुद्ध पेयजल के रूप में यहां के लोगों और संस्थानों को उपलब्ध होगा। बोधगया और गया में भी गंगाजल शुद्ध पेयजल के रूप में लोगों को मिलेगा। उसपर भी काम तेजी से चल रहा है। मुख्यमंत्री ने वहां चलाए जा रहे लंगर का भी मुआयना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह के उद्घोष के साथ अपना संबोधन शुरू किया।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि बहुत खुशी की बात है कि राजगीर में गुरुनानक देव जी महाराज का 554वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। राजगीर पौराणिक जगह है। गुरुनानक देव जी महाराज ने उदासी यात्रा की शुरूआत की थी जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया था। इस दौरान वे राजगीर भी आए थे और यहां रुके थे। राजगीर का राजगीर कुंड गर्म पानी के लिए भी प्रसिद्ध है। लोगों ने गुरुनानक देव जी से आग्रह किया कि यहां पर एक शीतल कुंड भी होना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गुरु नानक देव जी ने अपने पैरों से वहां की जमीन को दबाया और शीतल कुंड बन गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में सर्वशदानी दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 350वां प्रकाश पर्व पटना साहिब में मनाया गया था। उस समय श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए बेहतर तैयारी की गई थी। उन्होंने कहा कि शीतलकुंड गुरु नानक देव महाराज जी गुरुद्वारा को ठीक करवाया गया। वर्ष 2019 में ही इसका शिलान्यास करवाया गया था और अब यह बनकर तैयार हो गया है। सभी अतिथियों के ठहरने के लिए अतिथिशाला का भी निर्माण हो गया है। यह परिसर सुंदर और भव्य हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर अनेक धर्मों का स्थल है। यह सबसे पुराना स्थल है जो राजगृह के रूप में प्रसिद्ध रहा है। अब इसे राजगीर बोलते हैं। यहां पर सभी की सुरक्षा और सुविधा का ख्याल रखा गया है। राजगीर में पंच पहाड़ है जहां वृक्षारोपण कराया गया है।

### पटाखे का बारूद जलाने के दौरान चार बच्चे झुलसे

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र के भोरहां गांव में शनिवार की दोपहर स्कूल से लौटने के दौरान सड़क किनारे झोला में पड़े अधजले पटाखे का बारूद जलाने के दौरान चार बच्चे झुलस गए। चारों को इलाज के लिए बेलसंड अनुमंडल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से जख्मी दीपक गुप्ता की पुत्री सोनाक्षी, दिलीप कुमार का पुत्र सिद्धार्थ, संजय सहनी की पुत्री चांदनी को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं अंश कुमार को इलाज के बाद शाम में अनुमंडल अस्पताल में इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

## छोटी खबरें

### भतीजे ने चाकू गोद चाचा को मार डाला

**आरा।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में चाकू लगने से जख्मी युवक की मौत हो गई।इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसने अपने घर पर ही दम तोड़ दिया। मृत युवक रौजा मोहल्ला निवासी स्व. बुचन प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार उर्फ मल्लू था। सूचना मिलने पर नगर थाना मौके पर पहुंची और का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत युवक के भाई मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह भाई रमेश कुमार उर्फ मल्लू और भतीजा बॉबी देओल एक साथ ही बैठे थे। उसके भाई के पॉकेट में 160 रुपये थे। उसमें उसके भतीजे बॉबी देओल ने 140 निकाल लिया। उसको लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी और दोनों आपस में भिड़ गए। उसी दौरान भतीजे बॉबी देओल ने उसके शरीर के कई जगहों पर ताबड़तोड़ चाकू से गोद डाला।

### सोन में डूबने से छपरा के युवक की मौत


**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र स्थित सोन में डूबने से छपरा के युवक की मौत हो गयी। उसका शव तीन दिन बाद शनिवार की सुबह गौरैया स्थान सोन नदी के किनारे से बरामद हुआ। मृतक सारण (छपरा) जिले के नगर थाना क्षेत्र के पूर्वी रौजा धारू टोला निवासी बैजू राय का 18 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार था शव मिलते ही लोगों के बीच अफरातफरी का आलम रहा। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। युवक के पिता बैजू राय ने बताया कि वह छठ के दूसरे दिन प्रसाद लेकर अपने मौसा दिनेश राय के घर कोईलवर आया था। गुरुवार की सुबह वह कोईलवर के गौरैया स्थान स्थित सोन नदी में नहाने गया था। उसी दौरान पानी अधिक गहरा होने के कारण वह सोन में ही डूब गया। उससे उसकी मौत हो गई। शाम तक वह वापस नहीं लौटा, तो उसके मौसा दिनेश राय ने खोजबीन करना शुरू किया।

### नहर में डूबने से महिला की मौत, घर में मचा हाहाकार

**आरा।** अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के नाढ़ी मोड़ स्थित नहर में डूबने से शुक्रवार की शाम एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी वीर बहादुर यादव की 40 वर्षीया पत्नी संयोग देवी थी। महिला के पति वीर बहादुर सिंह ने बताया कि गुरुवार को घर से गुस्सा में मायके चौरी थाना क्षेत्र के कौलोडीहरी गांव चली गई थी।

# टीबी से मुक्ति के लिए जरूरी है नियमित रूप से दवाओं का सेवन करना

- लक्षण दिखने पर कराएं टीबी की जांच, अब इलाज के भटकने की जरूरत नहीं
- जिले में उपलब्ध है टीबी की जांच से लेकर इलाज की व्यवस्था



**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2025 तक जिले से टीबी का पूरी तरह से उन्मूलन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए सरकार और विभाग अपने स्तर से पूरी तरह से प्रयासरत है। लेकिन, अब जरूरत है लोगों के जागरूक होने की। ताकि, टीबी के खिलाफ जंग की दोतरफा लड़ाई जीती जा सके। टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान भी चला रहा है। जिले के सभी सरकारों अस्पतालों में इसके इलाज से लेकर जांच तक की मुफ्त व्यवस्था है। साथ ही, दवाओं के साथ टीबी के मरीज को पौष्टिक भोजन के लिए पांच सौ रुपये प्रतिमाह सहायता राशि भी दी जाती है। इसके बावजूद देखा जा रहा है कि कुछ लोग इलाज कराने के लिए बड़े निजी अस्पताल या फिर बड़े शहर की ओर जाते हैं। फिर वहां से निराश होकर जिले के सरकारी अस्पतालों का चक्कर काटना पड़ता है। ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है। जैसे ही टीबी के बारे में पता चले तो पहले नजदीकी सरकारी अस्पताल ही जाएं। जिले में अब टीबी के इलाज के साथ मुकम्मल निगरानी और अनुश्रवण की व्यवस्था की जाती है।

**शहरी की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों के मरीजों में होता है जानकारी का अभाव :** इटाढ़ी प्रखंड की एसटीएस इंदु कुमारी ने बताया, शहरी की अपेक्षा ग्रामीण इलाकों में अभी लोगों के बीच अभी भी भ्रांतियां हैं। जिन्हें दूर करने के लिए टीबी मरीजों के साथ उनके परिजनों की नियमित काउंसिलिंग करनी पड़ती है। लोगों में अभी भी जागरूकता की कमी है। टीबी मरीजों के लक्षणों की पहचान से लेकर उनकी जांच, इलाज के साथ नियमित अनुश्रवण तक उन्हें कई बार टीबी उन्मूलन और बीमारी से संबंधित जानकारी देनी पड़ती है। यहां तक कि कई बार एक-एक मरीज को सिर्फ जांच के लिए तीन से चार काउंसिलिंग कर जागरूक करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यह परेशानियां सिर्फ उन मरीजों के साथ उत्पन्न होती हैं, जिनके पास टीबी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। शहरी इलाकों के मरीजों के साथ इतनी परेशानी नहीं होती है। उन्हें अधिक समझाने या प्रेरित करने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, दवाओं के नियमित सेवन को लेकर उनका भी फॉलोअप करना जरूरी हो जाता है।

**विभाग और एसटीएस का किया आभार व्यक्त :** इटाढ़ी प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के निवासी अब्दुल जब्बार की दो बेटियां टीबी से ग्रसित थी। जिनका इलाज जिले में हुआ। दोनों ने नियमित रूप से टीबी की दवाओं का सेवन किया। जिसके बाद दोनों को टीबी से निजात मिल गयी । जिसके लिए वह विभाग और एसटीएस का आभार मानते हैं। जिनकी नियमित फॉलोअप की बदौलत आज उनकी दोनों बेटियां टीबी से मुक्त हो सकी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटियां कोरोना काल में टीबी से ग्रसित हुई थी। लेकिन, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उस संकट की घड़ी में बच्चियों का अनुश्रवण किया। जिसके कारण नियमित समय पर विभाग की ओर से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी। अब्दुल जब्बार ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें निजी संस्थान में उनकी बच्चियों का इलाज कराने की सलाह दी थी। लेकिन, एसटीएस दीदी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी बेटियां पूरी तरह से ठीक हो जाएंगी।

# पहले मिला आरोपित अमर का गमछा फिर पुलिया के नीचे पानी में मिली लाश

## शाहपुर के रानीसागर पुलिया के पास दुर्गंध पर डीआईयू टीम ने की जांच तो मिला शव

- तीन दिन तक व्यवसायी को खोजती रही पुलिस, बदमाशों ने कर डाला कत्ल

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के आभूषण कारोबारी सह अधिवक्ता हरिजी गुप्ता के अपहरण के बाद पुलिस तीन दिनों तक खोजती रही और बदमाशों ने उनका कत्ल कर डाला। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी के बावजूद उनको जिंदा बरामद नहीं किया जा सका। हालांकि हत्या के बाद गमछा व जीपीएस के जरिए पुलिस उनके शव तक पहुंच गयी। इसमें डीआईयू टीम की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। बताया जा रहा है कि व्यवसायी के अपहरण के बाद एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीम बनायी गयी थी। घटना के बाद से ही इंचार्ज शंभू कुमार भगत के नेतृत्व में डीआईयू की टीम मोबाइल सर्विलांस के जरिए अपहरण करने वालों की टोह में जुटी थी। इस क्रम में टीम द्वारा एक अपहरणकर्ता के मोबाइल को ट्रेस कर रही थी। उसमें आरा-बक्सर फोरलेन पर रानीसागर पुलिस के पास कुछ क्लू मिल रहा था। उस आधार पर डीआईयू टीम ने शनिवार को पुलिया के पास खोजबीन शुरू की। तब वहां कुछ दुर्गंध मिला, जिससे टीम का संदेह गहरा गया। टीम ने जब गहराई से खोजबीन की तो पीले रंग का गमछा मिला। जांच में वह गमछा व्यवसायी अपहरण के मुख्य आरोपित अमर कुमार का निकला। तब पुलिस का संदेह यकीन में बदल गया और पुलिया के नीचे नाले में खोजबीन शुरू की गयी। उस क्रम में पत्थर से दबे बोरे से शव बरामद किया गया।





### पटना नंबर की कार मालिक का अमर से कनेक्शन खोज रही पुलिस

**आरा।** आभूषण व्यवसायी हरि जी गुप्ता को अगवा और उनके शव को ठिकाने लगाने में इस्तेमाल पटना नंबर की कार आरा के ही रहने वाले एक युवक की बतायी जा है। वह युवक जब्त कार का सेकेंड ऑनर बताया जा रहा है।

### पहले गाड़ी से बाइक में मारी ठोकर फिर गिरने पर रॉड से किया हमला

**आरा।** आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता की किराये के विवाद में अपहरण कर हत्या की गयी है। अगवा करने से पहले व्यवसायी की बाइक में गाड़ी से ठोकर मारी गयी। उसके बाद रॉड से वार कर जख्मी कर दिया। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार रितेश ने पुलिस की पूछताछ में इसका खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि व्यवसायी हरिजी गुप्ता का अमर कुमार से किराये का विवाद चल रहा था। बुधवार की शाम वह किराया वसूलने अपने मार्केट पहुंचे थे। उस दिन भी अमर का उनके साथ विवाद हो गया। उसके बाद अमर कुमार द्वारा चार पहिया गाड़ी से उनकी बाइक में ठोकर मार दी।

### व्यवसायी को फोरलेन होते ले गये रानीसागर, रास्ते में लिया पेट्रोल

**आरा।** व्यवसायी के साथ मारपीट करने के बाद अमर कुमार द्वारा अपने चार दोस्तों को बुलाया गया। उसमें दो ऑटो चालक और एक कंपाउंडर बताया जा रहा है। उसके बाद सभी जख्मी व्यवसायी को कार पर लाद फोरलेन होते निकल गये। रास्ते में उनकी कार का पेट्रोल खत्म हो गया। तब शहर से नजदीक से समीप गजराजगंज इलाके के एक पंप पर पेट्रोल लिया और बिहिया की ओर निकल गये। सूत्रों के अनुसार पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज में सभी की तस्वीर कैद हो गयी है। यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस को फुटेज हाथ लग गया है।

## भोजपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार अरवल के दो छात्रों की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले में आरा-अरवल रोड पर नारायणपुर थाना क्षेत्र के चवरिया? वह बनौली गांव के बीच शुक्रवार की देर शाम सड़क हादसे में अरवल के दो छात्रों की मौत हो गयी। आरा से अरवल लौटने के दौरान बाइक सवार दोनों छात्रों को किसी अज्ञात डंपर ने रौंदा दिया। इसमें गंभीर रूप से जख्मी दोनों छात्रों की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान दोनों की मौत हो गयी। मृत छात्रों में असलानपुर कुटिया गांव निवासी राजेश कुमार का 19 वर्षीय पुत्र रवि कुमार और अहियापुर तिवारी बिगहा गांव निवासी अनिल सिंह का 19 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार थे। घटना के संबंध में अनिल सिंह ने बताया वह शुक्रवार की सुबह प्रशांत अपने दोस्त रवि कुमार के बाद फुफेरी बहन से मिलने उसके ससुराल आरा के जगदेवनगर आया था। देर शाम दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। उसी बीच अज्ञात डंपर ने दोनों को रौंद दिया। हादसे में बाइक ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। नगर थाना की पुलिस द्वारा दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की देर शाम चवरिया गांव का एक व्यक्ति शौच करने घर से बाहर जा रहा था। तभी उनको रोड किनारे चाट में झाड़ियों के बीच कुछ हलचल महसूस हुआ। उसके बाद उन्होंने टार्च की रोशनी में देखा कि बाइक सहित दो युवक जख्मी और खून से लथपथ झाड़ियों के बीच कराह रहे हैं। उसके बाद उनके द्वारा स्थानीय थाने की पुलिस को सूचना दी गयी।

## बक्सर: श्रीराम कर्मभूमि न्यास महाकुंभ सह संत समागम के लिए आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

- पूरे दिन तैयारी व रूट चार्ट के निर्धारण में जुटे रहे न्यास के सदस्य

**केटी न्यूज/बक्सर**

सात से 15 नवंबर तक चलने वाला बामन भगवान श्री राम कर्मभूमि न्यास महाकुंभ सह संत समागम की सफलता के लिए रविवार को न्यास द्वारा एक शोभा यात्रा निकाला जाएगा। श्री राम कर्म भूमि न्यास ने इस का रूट चार्ट निर्धारित कर दिया है। शोभा यात्रा सुबह दस बजे अहिरौली स्थित कार्यक्रम स्थल से निकलेगा। गोलंबर सिंडिकेट बाईपास रोड होते हुए ज्योति चौक अंबेडकर चौक के रास्ते शोभायात्रा नया बाजार होते हुए बक्सर चौसा मार्ग मुख्य मार्ग के रास्ते मॉडल थाना आएगा। फिर पीपी रोड होते हुए छोटकी सारिमपुर होते हुए गंगा पुल अहिरौली बांध के रास्ते यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न होगा। शोभा यात्रा का स्वागत शहर के लोगों द्वारा जगह जगह भव्य रूप से किया जाएगा। 9 नवंबर से शुरू होने वाले लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के जलभरी का भी रूट चार्ट आयोजन समिति ने जारी कर दिया है। 9 नवंबर को सुबह दस बजे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त कलश यात्रा निकलेगा। यह यात्रा यज्ञ स्थल से चलकर गोलंबर सिंडिकेट मेन रोड के रास्ते मॉडल थाना होते हुए रामरेखा घाट पर जल भरी करके पीपी रोड के रास्ते छोटकी सारीमपुर अहिरौली बांध होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न होगा।इस आयोजन को सफल सुंदर बनाने के लिए जिले के लोग तत्परता के साथ लगे हैं। जबकि शहर के लोग इस आयोजन में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के लिए तत्पर है। गौरतलब है कि इसी कार्यक्रम में 8 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय संत समागम भी हो रहा है। जिसमें भाग लेने एक दर्जन से अधिक राज्यों के मुख्यमंत्री, आरएसएस प्रमुख डा मोहन भागवत व कई चर्चित संत, महात्मा व विद्वान भी आ रहे है। जिस कारण बक्सर की पावन भूमि के श्रद्धालुओं का उत्साह इस महायज्ञ के प्रति बढ़ गया है।



महायज्ञ स्थल पर बना मंडप

## एक नजर

### मांगों के समर्थन में 11 नवंबर को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे डीलर



**डुमरांव।** नगर के डुमरेजनी मंदिर परिसर में शनिवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की एक बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार पर पुराने आठ सूत्री मांगों को पूरा नहीं करने पर वादा खिलाफी का आरोप लगा आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई। डीलरों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण चौबे ने कहा की 11 नवंबर को बक्सर समाहरणालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। सभी डीलर किला मैदान में एकत्रित होंगे तथा वहा से प्रदर्शन करते हुए धरना स्थल पर पहुचेंगे। धरने के माध्यम से डीएम को एसोसिएशन के पुराने 8 सूत्री मांगों को नए सिरे से सरकार के सामने रखने के लिए एक मांग पत्र भी सौंपा जाएगा। इसके अलावे बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के मार्जिन मनी का वितरण नहीं हाने पर डीलरों ने रोष जताया। इस दौरान डीलरों को कोरोना योद्धा घोषित करने, कोरोना काल में मृत डीलरों के आश्रितों को सरकारी नौकरी तथा 50 लाख मुआवजा देने, डीलरों को 50 हजार रुपया मासिक मानदेय देने, खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल तीन सौ रुपया तथा किरासन पर तीन रुपए प्रति लीटर कमीशन प्रदान करने सहित कई अन्य मांगों को भी मजबूती से उठाया गया। बैठक की अध्यक्षता भूटेश्वर सिंह ने व संचालन हीरालाल वर्मा ने किया। मौके पर देवमुनी राम, बीरेंद्र पाण्डेय, बैजनाथ यादव, शिवचंदर सिंह, बसंत सिंह, लाल साहेब सिंह, धीरेन्द्र तिवारी, बिनोद पाण्डेय, रमेश यादव, कृष्ण कांत, अख्तर अली, रमन कुमार गुप्ता, लालमोहर सिंह चंदेश्वर राम, बुलबुल दुबे, पारस सिंह, मुन्ना राम, बीरेंद्र लाल, मुकेश तिवारी, निर्मल गुप्ता, चन्दन समेत कई अन्य डीलर मौजूद थे।

### जिलाधिकारी ने लॉगबुक के आधार पर मूल्यांकन करने का दिया आदेश

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय अवस्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिले के समस्त विभागों/कार्यालय के प्रधान/ लिपिकों के साथ जिला स्तरीय मासिक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी ने लोकायुक्त, माननीय उच्च न्यायालय, मानवाधिकार आयोग से संबंधित मामलों को अविलंब निष्पादित कराने का निदेश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री जनता दरबार, आयुक्त महोदय के जनता दरबार एवं जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में प्राप्त मामलों को पंजीकृत करते हुए अलग-अलग संधारित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी ने नगरपालिका आम निर्वाचन से संबंधित हुए व्यय के विपत्र को अविलम्ब समर्पित करने का निदेश दिया। कार्य के मूल्यांकन हेतु लॉगबुक के आधार पर मूल्यांकन करने का निदेश दिया गया। बैठक में हाई कोर्ट में मामले को ससमय निष्पादन करने का निदेश दिया गया। बैठक में सेवांत लाभ के मामले को ससमय निष्पादित करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारी को सीडब्लूजेसी/ एमजेसी से संबंधित मामले के लिए पूरी तरह अधिवक्ता पर निर्भर न रहे सभी मामले को अच्छे से पढ़ें और न्यायालय समर्पित करें। साथ हीं भाषा को भी देख ले तथा सभी पृष्ठ को अच्छे से देखकर सभी पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर सत्यापित करे। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रधान लिपिकों को निदेश दिया कि सेवांत लाभ को ससमय निष्पादित करने।

### जनजागरूकता से ही सफल होगा ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य

**जहानाबाद।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के स्वच्छ गांव समृद्ध गांव कार्यक्रम के तहत काको प्रखंड के अमथुआ पंचायत में जिला सलाहकार ब्रजेश कुमार क्षमतावर्धन, सूचना शिक्षा व संचार द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में मुखिया मेराज अहमद, प्रखण्ड समन्वयक झलकदेव पासवान भी उपस्थित रहे। आदर्श पंचायत बनाने एवं संपूर्ण स्वच्छता हेतु डोर टू डोर भ्रमण कर लोगो को गिला और सूखा कचड़ा के बारे में जनजागरूक किया गया। बताया गया कि किस प्रकार से कचरा को रखना है, कैसे गिला और सुखा कचरा को अलग-अलग रखना है और सफाई कर्मी के आने पर गीला और सूखा कचरा को उन्हें सौंपना है। इस दौरान राजकीय मध्य विद्यालय हाजीसराय में सभी स्कूलों के बच्चे , शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बैठक कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर जन जागरूक किया गया। सभी बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गयी। साथ ही बाल सेना का गठन कर स्वच्छता को जन जन तक पहुंचाने हेतु उत्प्रेरित किया गया। आज के जनजागरूकता कार्यक्रम में जिला सलाहकार क्षमतावर्धन, सूचना शिक्षा व संचार ब्रजेश कुमार, मुखिया मेराज अहमद, प्रखण्ड समन्वयक झलकदेव पासवान, स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्वच्छता कर्मी सभी सैकड़ों ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि भाग लिए।

### भोजपुर में हथियारबंद बदमाशों ने युवक को गोली मारकर की हत्या, सनसनी

**आरा।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव स्थित शिवजी मंदिर के समीप शनिवार की शाम हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही गड़हनी थाना इंचार्ज संतोष कुमार रजक एवं सर्किल इंस्पेक्टर घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के कुरकुरी गांव वार्ड नंबर 12 निवासी रविंद्र सिंह का 19 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार है। वह गांव में ही अपना टेंट चलाता है एवं डेकोरेशन का भी काम करता है। इधर मृतक के दादा जग लाल ने बताया कि शनिवार की शाम वह अपने घर पर थे और वह अपने साथियों के साथ गांव में स्थित शिवजी मंदिर के पास पुल पर बैठा हुआ था। उसी दौरान हथियार बंद बदमाशों ने उसे गोली मार दी।

# सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं को और बेहतर करने का प्रयास

- रोहतास में सुविधाओं के बावजूद आ रही समस्याओं को किया जा रहा दूर

**केटी न्यूज/रोहतास**




राज्य सरकार सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर लगातार प्रयासरत है। लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए सरकारी अस्पतालों को सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। जांच सुविधओं की बात की जाए तो पैथोलॉजी से लेकर अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, एमआरआई सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं । हालांकि इन सुविधाओं के बीच विभागों के अनियमित संचालन की वजह से लोगों को कभी कभी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इधर जिला स्वास्थ्य समिति इन समस्याओं को दूर करने में लगा हुआ है।

सासाराम प्रखण्ड के मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सचिव संजीव मोहन ने कहा कि सरकारी अस्पताल में पहले से सुविधाएं बेहतर हो रही हैं लेकिन इन सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल में खासकर सदर अस्पताल में यदि प्रसव के दौरान गर्भवती महिला की स्थिति बिगड़ने लगती है तो उसे रेफर कर दिया जाता है। इसके अलावा सदर अस्पताल में बनाया गया ट्रामा सेंटर भी रेफरल अस्पताल की तरह कार्य कर रहा है। इमरजेंसी स्थिति में मरीज को वाराणसी रेफर कर दिया जाता है। आवश्यकता है ऐसे मामलों का सरकारी अस्पतालों में ही बेहतर इलाज उपलब्ध हो ताकि गरीब लोगों को असुविधा ना हो। साथ ही साथ साफ सफाई पर और ध्यान देने की जरूरत है।

मरीज का इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंचे शिवसागर प्रखंड के सोनहर गांव निवासी अवध बिहार पांडेय ने बताया कि कुछ वर्ष पहले सरकारी अस्पताल में ज्यादा व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब पहले की अपेक्षा काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुधारने के बावजूद भी कुछ जांच में विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है इसमें सुधार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुछ कमियों को दूर किया जाए जिससे लोगों को फायदा होगा।

**एक छत के नीचे मिलेगी कई हाई टेक स्वास्थ्य सुविधा :** डीपीसी संजीव मधुकर ने बताया कि बिहार के 8 जिलों के अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में चयनित किया गया है। जिसमें सदर अस्पताल भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में 100 बेड का मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेंटर (एमसीएच) एवं 10 बेड का पेडियाट्रिक इंसेंटिव केयर यूनिट का भी निर्माण करवाया जा रहा है। डीपीसी ने बताया कि सासाराम सदर अस्पताल में एक ही छत के नीचे कई सारी हाई टेक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

**स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने का लगातार प्रयास जारी :** रोहतास सिविल सर्जन डॉ केएन तिवारी ने बताया कि सासाराम सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। कई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए भवन निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि लगभग 56 करोड़ की लागत से कई भवनों का निर्माण किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि आने वाले समय में सरकारी अस्पताल में कई बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

## छोटी खबरें

### लोडेड पिस्टल व गोली के साथ दो गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** डीआईयू टीम ने ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर पीर बाबा स्थान के पास से दो युवकों को लोडेड पिस्टल व गोली के साथ बरामद किया है। युवकों की पहचान नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ गांव के राजकिशोर चौरसिया व गुड्डु यादव के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना पर की गई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस को युवकों ने बताया कि उनके गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें नाच गाने करने आई नर्तकियों को छोड़ने हमलोग आए थे। हालांकि उनके पास पिस्टल कहा से आया इसका जबाव नहीं मिल सका है। जबकि सूत्रों का कहना है कि उनसे पूछताछ के आधार पर कई अन्य लोग भी पुलिस गिरफ्त में आ सकते है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को डीआईयू की टीम ने पकड़ा है। पुलिस उनके अपराधिक रिकार्ड को खंगाल रही है। वही इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है कि कही गिरफ्तार युवक हथियार सप्लायर तो नहीं है। हालांकि अभी तक ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है।

### कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई जाएगी दवा

**डुमरांव।** शनिवार को स्थानीय बीआरसी में मासिक गुरू गोष्ठी संपन्न हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मिली जानकारी सात नवंबर को कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर अलबेंडाजोल की गोली खिलाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी डा आरबी प्रसाद ने प्रधानाध्यापकों को कृमि की दवा खिलाने संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सात नवंबर को दवा खाने से वंचित छात्रों को 11 नवंबर को यह दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावे बैठक में मध्यमा व विशारद के प्रमाण पत्रों पर नियुक्त शिक्षकों की सूची चौबीस घंट में तलब करने का निर्देश बीईओ सुरेश प्रसाद ने दिया। गुरू गोष्ठी में कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। मौके पर दर्जनों प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### कार से तीस लिटर महुआ शराब जब्त

**डुमरांव।** कृष्णा ब्रह्म पुलिस ने थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज रेलवे क्रासिंग के पास से शराब लदी एक कार को जब्त किया है। हालांकि चालक सह तस्कर अंधेरे का लाभ उठा भागने में सफल रहा। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें 30 लिटर महुआ शराब तथा एक मोबाईल मिला। इसके बाद पुलिस कार को जब्त कर थानें लाई। बरामद मोबाईल के आधार पर पुलिस तस्कर की पहचान में जुट गई है।

# बड़ों को प्रणाम करने वालों की बढ़ती है आयु, विद्या, यश और बल : गंगा पुत्र

**केटी न्यूज/सिमरी**



फोटो : कथा वाचन करते देवकीनंदन जी महाराज

सिमरी में चल रहे श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के तीसरे दिन अपने प्रवचन के दौरान पूज्य श्री गंगा पुत्र जी महाराज ने महाभारत के एक कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बड़ो को प्रणाम करने मात्र से आयु, विद्या, यश और बल की वृद्धि होती है। उन्होंने बाण सैय्या पर पड़े भीष्म पितामह से पांडवों की बातचीत के अंश को उद्धृत करते हुए बताया कि भगवान कृष्ण ने पांडवों के साथ कुरुक्षेत्र में बावन दिनों से बाण की सैया पर पड़े गंगा पुत्र भीष्म पितामह के चरणों में प्रणाम किया। क्योंकि अपने से बड़ों को प्रणाम करने से चार चीजें बढ़ जाती हैं, आयु, विद्या, यश और बल। भगवान कृष्ण ने भीष्म से निवेदन किया आप इन्हें धर्म का उपेश दे, तब भीष्म जी ने पांडवों को धर्म का उपदेश दिया

**दान धर्मान राज धर्मान,मोक्ष धर्मान विभागसरू।**

**स्त्री धर्मान भगवत धर्मान समास व्यास योगातः।।**

हे युधिष्ठिर आप सब गृहस्थ है, गृहस्थ आश्रम में अधिक से अधिक धन कमाना चाहिए और उसका दशांश धर्म में लगाना चाहिए, दशांश का मतलब अपने गृहस्त आश्रम की जितनी व्यवस्था हो जैसे बच्चे का फिश देना है, दूध, बिजली का बिल जमा करना है,उसके उपरांत जो धन बचता है,उसका दशांश धर्म में लगाना चाहिए। क्योंकि धन से धर्म नहीं करोगे तो रोग में चला जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वामीजी महाराज ने राज धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि राजा का कोई माता, पिता, भाई नहीं होता पूरी प्रजा ही उसकी संतान होती है। इसलिए सब की बराबर सेवा करना ही राजा का कर्तव्य होता है। राजा के राज्य में अगर कोई अपराध कर रहा हो तो अपराध के अनुसार उसे दंड देना चाहिए या शिर नीचे कर के चले जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब पितामह पांडवों को ऐसा उपदेश दे रहे थे तब द्रौपदी मुस्कुरा दी। भीष्म ने उनके मुस्कुराने का कारण पूछा तो द्रौपदी ने कहा कि आप बाण सैया पर पड़ने के बाद धर्म का उपदेश दे रहे है। लेकिन

**○ सिमरी में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन से माहौल हुआ भक्तिमय**

चिरहरण के समय आपको धर्म का ख्याल नहीं आया। तब मैंने सबसे पहले आपको पुकारा हे भीष्म हमारी रक्षा करो। आप सिर नीचे कर के बैठे रहे। भीष्म ने कहा पुत्री मैंने दुष्ट दुर्योधन का अन्न खाया था इसीलिए बुद्धि खराब हो चुकी थी। स्वामी जी ने कहा कि जैसा खाओगे अन्न वैसा होगा मन। लेकिन आज हमारी बुद्धि बड़ी सात्विक है। द्रौपदी ने क्षमा मांगा है। मोक्ष धर्म व स्त्री धर्म के बारे में बताया कि स्त्री को पति के अनुकूल रहना चाहिए। स्त्री को शास्त्र में गज गामिनी कहा गया है, जैसे हाथी बगल से गुजर जाता है पता नहीं चलता। ऐसे ही स्त्री को चलना चाहिए और शास्त्र में चंद्रमुखी कहा गया है। जैसे चंद्रमा संसार को शीतलता प्रदान करता है, वैसे ही पति जब घर में खेती, नौकरी व्यापार कर के आवे, तो उसे ठंढा पानी देना चाहिए। ऐसा नहीं करने वाली स्त्री पति धर्म से विमुख मानी जाएगी। इसके अलावे भी उन्होंने प्रवचन के दौरान कई सारगर्भित बातें कही। जबकि महायज्ञ स्थल पर पूरे दिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। प्रवचन के साथ ही रामलीला व रासलीला के मंचन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित थी।

# विडंबना : प्रशासन के जागरूकता के बाद भी साइबर अपराधियों के जाल में फंस रहे उपभोक्ता

## हर माह थाने में बढ़ रहे आंकड़े, तफ्तीश में जुटी पुलिस

**सौरभ केसरी/डुमरांव**



साइबर क्राइम से जुड़े अपराधी कानून को गुमराह करने के लिए हर दिन नये तरीके ईजाद कर निरीह जनता की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे है। मोबाइलों के जरिये ऐसे अपराधी महफूज जगहों पर बैठ कर ही वारदातों को आसानी से अंजाम दे रहे है। ऐसे अपराधों से बचाव को लेकर पुलिस-प्रशासन आम जनता को जागरूक करने में जुटी है बावजूद उपभोक्ता साइबर अपराधियों के जाल में फंसते है। स्थानीय शहर व आस-पास के इलाके में दर्जनो लोग ऐसे अपराधियों की जाल में फंस कर अपनी राशि को गंवा चुके हैं। अपराधी इस तरह की भाषा का उपयोग करते है- हैलो आप लकी ड्रॉ में चुने गये है, जिसमें आपको इनाम में एक बाईक मिला है। यदि ऐसा कॉल आता है, तो आप सावधान हो जाएं। आपके मोबाइल पर कोई अनजान व्यक्ति (पुरूष या स्त्री) आपसे उक्त बातें कहे, तो समझ जाइए कि आप ठगी के शिकार होने वाले है।

### साइबर क्राइम को लेकर बना हैसख्त कानून

भारत में भी साइबर क्राइम मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। सरकार ऐसे मामलों को लेकर बहुत गंभीर है। भारत में साइबर क्राइम के मामलों में सूचना तकनीक कानून 2000 और सूचना तकनीक (संशोधन) कानून 2008 लागू होते हैं। मगर इसी श्रेणी के कई मामलों में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), कॉपीराइट कानून 1957, कंपनी कानून, सरकारी गोपनीयता कानून निरोधक कानून के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।

### क्या कहते है अधिकारी

थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि मोबाइल इंटरनेट से हो रहा अपराध साइबर क्राइम के अंतर्गत आता है। इसके लिए पुलिस-प्रशासन द्वारा आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाता है। कई मामलों में थानों में पुलिस अनुसंधान करने में जुटी है।

### इनाम के लालच में फंसते हैं लोग

शहर के ऐसे दर्जनों लोगों को मोबाइल पर इसी प्रकार के कॉल से हजारों का चूना लगा चुका है। मोबाइल पर तरह-तरह से रुपये या किमती समान का लालच देकर हजारों रुपये ऐंठ लिया जाता है। शहर के रहने वाले साफाखाना रोड निवासी पिंकी देवी, रामावतार गली के रहने वाले सोहन कुमार सहित ऐसे कई लोगों के मामले सामने आये है, जिनमें लोगों को ठगी का शिकार होना पड़ा है। ठग किसी भी अनजान व्यक्ति के मोबाइल पर कॉल करता है, जिसमें लकी ड्रॉ में शामिल होनेकी बात कह कर उसे किमती समान (कार, बाईक, लैपटॉप, टीवी आदि) या नगद ईनाम का लालच देता है। ऐसे में पीड़ित खुद को इनाम का हकदार मान कर इनाम हासिल करने के लिए तैयार हो जाता है। फिर ठग मोबाइल पर अपना एकाउंट नंबर पीड़ित को देता है, जिसमे ईनाम को प्राप्त करने में आने वाले खर्च के रूप में मोटी रकम को एकाउंट में डालने की बात कहता है। इस पर एकाउंट में पैसा भेजने के बाद ठग से हमेशा के लिए संपर्क टूट जाता है।

### क्या कहते है जानकार

सूचना तकनीक क्षेत्र व्यवसाय से जुड़े डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि मोबाइल पर ठगी के वारदात तेजी से बढ़े हैं। ठगी में निश्चित तौर पर कंप्यूटर के माहिर या यूं कहा जाये की हैकर ही होते हैं। ऐसे कई मामलों में पीड़ित से एकाउंट नंबर की जानकारी ली जाती है, जिसके द्वारा पीड़ित के एकाउंट से ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। इस ठगी के पूरे खेल में तकनीक और बातों का जाल बुना जाता है।

## एक नजर

### अखिल भारतीय ग्राम सेवा संस्थान ने बक्सर में खोले दो बाल कल्याण शिक्षण केन्द्र



**बक्सर।** अखिल भारतीय ग्राम सेवा संस्थान ने बक्सर के कोईरपुरवा व सोहनी पट्टी मोहल्लें में एक-एक बाल कल्याण शिक्षण केन्द्र खोले है। इन केन्द्रों पर क्रमशः पूजा कुमारी व कैश प्रवीण का चयन भी बच्चों को पढ़ाने के लिए किया गया है। इस संबध में जानकारी देते हुए संस्था के मनोज केशरी ने बताया कि गरीब तथा निर्धन लोगों को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान तथा समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का मानवीय प्रयास यह संस्था कर रही है। संस्था द्वारा आंगनबाड़ी के तर्ज पर नौनिहालों को शिक्षा देने के लिए जिले के सभी पंचायतों में बाल कल्याण शिक्षा केन्द्र खोला जाएगा। इसके अलावे संस्था द्वारा गरीबों का कल्याण कार्ड बनया जाता है। जिसके माध्यम से उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व लाभ योजना, गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ लाभ के साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशनों का लाभ दिलवाने तथा बाल शिक्षण केन्द्र खोलने का काम किया जा रहा है। जबकि संस्था प्रमुख अरूण पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा देशभर में यह प्रयास चलाया जा रहा है। ताकी सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े लोग समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सके। उदघाटन के मौके पर लभली मिश्र, केके मिश्र, राकेश मिश्र समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### दिसंबर के पहले सप्ताह में होगा शहीद रविकांत मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट, तैयारी शुरू




मशीन से घास की कटाई कराते आयोजन समिति सदस्य

**डुमरांव।** शहीद आइपीएस रविकांत के स्मृति में डुमरांव में प्रत्येक साल आयोजित होने वाले अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी शुरू हो गई है। दिसंबर के पहले सप्ताह में इस टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इसके पहले राज हाई स्कूल के खेल मैदान में उगे घास को मशीन से कटवाया जा रहा है। इसके बाद मैदान को समतल बनाने के साथ ही पिच निर्माण भी किया जाएगा। आयोजन समिति के संजय शर्मा ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि जल्दी ही इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के तिथियों की घोषणा की जाएगी। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, यूपी, एमपी, दिल्ली जैसे राज्यों की कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी टीमों का चयन किया जा रहा है। क्लब से जुड़े लोगों के बीचे दायित्वों का बंटवारा भी कर दिया गया है। ताकी प्रतियोगिता को संपन्न कराया जा सके। गौरतलब है कि शीहीद आईपीएस रविकांत सिंह के स्मृति में हर साल यह प्रतियोगिता कराई जाती है तथा डुमरांव में आयोजित होने वाला यह सबसे बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता भी है। जिसका इंतजार क्रिकेट प्रेमियों को पूरे साल रहता है। प्रतियोगिता की तैयारी शुरू होने से लोगों में खुशी व्याप्त है।

### 161 पीस अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

**नावानगर।** स्थानीय पुलिस को चनवथ मोड़ से शराब के खिलाफ चलाई गई अभियान में एक बड़ी कामयाबी मिली है। इसके लिए पुलिस ने शुक्रवार की आधी रात केसठ-मणियां राजवाहा मार्ग पर तीन घंटे कड़ी मक्कशत किया। तब जाकर पुलिस को अंग्रेजी शराब की खेप बरामद हुआ। साथ ही तस्कर नवाडीह निवासी संतोष यादव को गिरफ्तार किया। हालांकि अंधेरे के फायदा उठाकर अन्य तीन तस्कर भाग निकलने। पुलिस ने तस्कर की बाइक भी जब्त किया है। इधर पकड़ा गया अंग्रेजी शराब 180 एमएल के फ्रुटी विस्की 161 पीस थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि केसठ-मणियां राजवहां मार्ग से रात में शराब की खेप गुजरने वाली है। सूचना पर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने राजवाहां मार्ग गश्ती के साथ वाहन जांच करने लगे। थोड़ी देर बाद एक बाइक पहुंची। चालक ने पुलिस देखकर तेजी से भाग निकला। उसी समय दूसरी बाइक से शराब की खेप लेकर तस्कर भी पहुंच गया। जिसे पुलिस ने रोका। बाइक रुकने के साथ ही एक तस्कर नहर के रास्ते भाग निकला। जबकि संतोष यादव को पुलिस ने दबोच लिया। बताया जाता है कि पहली बाइक से गुजर रहे लोग लाइनर का काम कर रहे थे। जिसे पुलिस ने चतुराई के साथ उसका पीछा करने के बजाय दूसरी बाइक को रोका। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर से पुछताछ में संलिप्त तस्कर की पहचान हो चुकी है। सभी पर नामजद एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया गिरफ्तार तस्कर ने परमेश्वरपुर गांव के धुरान के पास से शराब की खेप लेकर चलने की बात स्वीकार किया है।

## पैतृक गांव मुरार में ग्रामीणों व बुद्धिजीवियों ने बैठक कर लिया निर्णय

# संविधान निमार्ता डॉ. सच्चिदानंद की जयंती को भव्य बनाने के लिए एकजुट हुए ग्रामीण

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बैठक करते ग्रामीण

आधुनिक बिहार के निमार्ता व संविधान सभा के प्रथम स्थायी सदस्य डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की 150 वी जयंती उनके पैतृक गांव मुरार में भव्य तरीके से मनाई जाएगी। शनिवार को मुरार में ग्रामीणों व प्रबुद्धजनों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नंदलाल पंडित व संचालन विनय श्रीवास्तव ने किया। बैठक में उपस्थित डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा रचना चक्र के बिहार संयोजक भाई सुधाकर श्रीवास्तव ने कहा कि वे संविधान सभा के प्रथम स्थायी सदस्य के अलावे बिहार के निमार्ता है। उन्हीं के प्रयासों से बिहार राज्य बना।

इसके अलावे भी उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के अलावे कई रचनात्मक कार्य किए थे। बिहार विधानमंडल भवन व पटना एअरपोर्ट के लिए उन्होंने अपनी निजी जमीन दान की थी। लेकिन इतिहास में उनके कार्यों व योगदानों को समुचित स्थान नहीं मिला है। उनके प्रति सरकार तथा जनप्रतिनिधियों के उदासीनता का आलम है कि न तो बिहार विधानमंडल में और न ही बक्सर जिला या उनके पैतृक गांव मुरार में उनकी एक आदमकद प्रतिमा तक नहीं लगाई जा सकी है। उन्होंने कहा कि इस जयंती समारोह में डा सच्चिदानंद सिन्हा के विचारों पर चिंतन करने वाले बुद्धिजीवियों को बुलवाया जाएगा। इसके लिए सघन जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि दस नवंबर को मनाए जाने वाले जयंती समारोह को काफी भव्य बनाया जाएगा तथा बड़ी संख्या में लोग इसमें शिरकत करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन भूपेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर आशुतोष पांडेय, राकेश कुमार गौतम, विजय कुमार, राजा श्रीवास्तव, आशीष कुमार, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, अजित कुमार, उमेश कुमार सिन्हा, संजय राम, प्रकाश राम, सरल पासवान, कन्हैया यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवती की मौत



विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इजरी मठिया गांव में शनिवार की दोपहर घास काटने के दौरान एक युवती खेत में गिरे धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में बिजली कंपनी के प्रति आक्रोश गहरा गया। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर कंपनी के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआबजा देने की मांग कर रहे थे। करीब घंटा भर बाद स्थानीय पुलिस के समझाने से उनका आक्रोश शांत हुआ। मृतका अर्चना कुमारी उम्र 18 वर्ष इजरी मठिया निवासी गोबर्द्धन बिंद की पुत्री है। मिली जानकारी के अनुसार वह घर से घास काटने के लिए निकली थी। जिस खेत में बैठकर वह घास काट रही थी उसमें बिजली का तार टूट कर गिरा था। जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। चौकी प्रभारी रमण कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि बिजली कंपनी की लापरवाही से क्षेत्र में जर्जर हो चुके तथा लटकते झूलते तारों को नहीं बदला जा सका है। जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है।







## छोटी खबरें

### दीवार के नीचे दबने से बुजुर्ग महिला की मौत

**बलिया।** जिले के सोनवानी में कच्ची ईंट कि दीवार शुक्रवार को देर शाम गिर गई। दीवार के नीचे दबने से 63 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।सोनवानीनिवासी जयंती देवी (63) पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर सिंह शुक्रवार कि देर शाम अपने घर के सामने बने टिन शेड में रखे गए कुछ सामान को निकाल रही थी। इसी बीच ईंट कि कच्ची दीवार भरभराकर जयंती देवी के ऊपर गिर गई। जिससे वो उसके नीचे दब गई आस पास के लोगों ने उनको बाहर निकाला, लेकिन वो गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद घायल अवस्था में जयंती देवी को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ट्रक-टेम्पों की टक्कर में वृद्ध की मौत, पांच घायल

**बलिया।** ट्रक-टेम्पों की टक्कर शनिवार की देर शाम एक वृद्ध की मौत हो गयी। हादसे में टेम्पों सवार पांच अन्य घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय कस्बा से सवारी लेकर एक टेम्पों देर शाम करीब छह बजे बांसडीह जा रहा था। गाड़ी बांसडीह-सहतवार मार्ग पर धरवार गांव के पास से गुजर रही थी। इसी बीच सामने से आ रही ट्रक से टेम्पों की जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे के बाद टेम्पों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया तथा उसमें सवार लोग नीचे दब गये। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला, हालांकि तब तक बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के जितौरा निवासी 60 वर्षीय श्रीभगवान वर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में टेम्पों सवार अन्य पांच लोग घायल हो गये।

### पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिले में वांछित व वारन्टी अभियुक्त, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उस पर पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की गई और कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि नगर गाजीपुर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर ने तीन नवंबर की शाम पाक्सो एक्ट में वांछित सैदपुर थाना अंतर्गत धरम्मरपुर बनतरिया निवासी अजय कुमार का बेटा आदित्य कुमार (20 वर्षीय) को रावल मोड़ से गिरफ्तार किया।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विधायक अब्बास अंसारी से ईडी ने की घंटों तक पूछताछ

- बाहुबली मुख्तार के बेटे पर कसा शिकंजा, नौ घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



अब्बास अंसारी को ले जाती पुलिस

माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। दरअसल ईडी ने शुक्रवार को मुख्तार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनसे नौ घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि वह एजेंसी के कई सवालों के जवाब नहीं दे सके। बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को ईडी ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले ईडी ने अपने प्रयागराज ऑफिस में उनसे नौ घंटे तक पूछताछ की। मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी के बयान दर्ज करने के बाद अब्बास अंसारी से दूसरे राउंड की पूछताछ शुरू की गई थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें पहले पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद अब्बास की गिरफ्तारी दिखाई गई। ईडी दफ्तर के बाहर भारी पुलिस फोर्स भी तैनात कर दिया गया। अब्बास मऊ विधानसभा सीट से सुभासपा विधायक हैं। ईडी ने अब्बास अंसारी के खिलाफ पिछले महीने लुकआउट नोटिस जारी किया था।

**मई माह में परिवार के कई सदस्यों से हुई थी पूछताछ :** ईडी ने मार्च 2021 में मुख्तार अंसारी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने मुख्तार के भाई और बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी से इस साल नौ मई, फिर मुख्तार के बड़े भाई सिबगतुल्लाह अंसारी और विधायक भतीजे शोएब अंसारी से 10 मई को और अब्बास अंसारी और छोटे बेटे उमर अंसारी से 20 मई को पूछताछ की थी।

**तीन मामलों को लेकर दर्ज किया है केस:** मुख्तार अंसारी के खिलाफ 2020 में जाली दस्तावेज तैयार कर सरकारी जमीन पर कब्जा करने, लखनऊ में धोखाधड़ी कर संपत्ति अर्जित करने, धोखाधड़ी कर विधायक निधि निकालने का केस दर्ज है. इन्हीं तीनों मुकदमों को आधार बनाकर ईडी ने भी मुख्तार अंसारी पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है।

### 21 अक्टूबर को कोर्ट में किया था सरेंडर

गाजीपुर/मऊ। कई महीने से फरार चल रहे सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी, भाई उमर अंसारी समेत तीन लोगों ने 21 अक्टूबर को पुलिस को चकमा देते हुए चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के दो मामलों और अफसरों को धमकाने के केस में एमपी/एमएलए कोर्ट में समर्पण कर दिया था। इसके बाद तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया गया था। हालांकि करीब तीन घंटे बाद तीनों को जमानत दे दी थी। तीन महीने तक अब्बास अंसारी समेत तीनों आरोपी फरार थे। इसके बाद विधायक ने सुप्रीम कोर्ट में राहत की गुहार लगाई थी, जिस पर लखनऊ में दर्ज अवैध असलहे के मामले में अब्बास को गिरफ्तारी से चार हफ्ते की अंतरिम राहत दे दी गई थी।

# परिवार न्यायालय में हाजिर हुए स्टार पवन सिंह, पत्नी ज्योति सिंह को बाउंसरों ने रोका

## ज्योति सिंह को रोकने के बाद बढ़ा बवाल, कोर्ट परिसर में ही चला हाई वोल्टेज ड्रामा

- कोर्ट ने 20 दिसंबर को तय की सुनवाई की अगली तिथि

**केटी न्यूज/बलिया**

भोजपुरी गायक एवं सिनेस्टार पवन कुमार सिंह शनिवार को बलिया के परिवार न्यायालय में हाजिर हुए। दरसअल पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने 6 माह पूर्व बलिया के परिवार न्यायालय में भरण पोषण परिवाद दाखिल किया था। पवन सिंह की पत्नी ज्योति ने पवन सिंह पर गर्भ पात कराने और मानसिक एवम शारीरिक उत्पीडन का आरोप भी लगाया है। परिवार न्यायालय की तरफ से पवन सिंह को कोर्ट में पांच नवंबर को हाजिर होने का आदेश जारी हुआ था।

लिहाजा जैसे ही गायक पवन सिंह कोर्ट परिसर उनके चाहने वालों का हुजूम कोर्ट परिसर के बाहर उमर पड़ा। हालांकि इस दौरान कोर्ट परिसर में जमकर हंगामा हुआ। कोर्ट परिसर में काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह जब कोर्ट के अंदर जाना चाहा तो पवन सिंह के बाउंसर कोर्ट का दरवाजा अंदर से बंद कर दिए। इस दौरान पत्नी ज्योति सिंह काफी देर तक कोर्ट के बाहरी गेट पर खड़ी रही। गायक पवन सिंह के बाउंसरों द्वारा मीडिया के लोंगो के साथ भी जमकर बदसलूकी की गई।

**ज्योति सिंह ने दाखिल की थी भरण-पोषण की अर्जी :** दोनों के बीच के रिश्तों की दरार तब बाहर आई जब पवन ने बिहार के आरा जिला में पारिवारिक न्यायालय में तलाक की अर्जी दाखिल कर ज्योति को तलाक देने की बात कही। इसके बाद ज्योति ने 22 अप्रैल 2022 को परिवार न्यायालय में भरण-पोषण की अर्जी दाखिल कर दिया। ज्योति के अधिवक्ता पीयूष सिंह के अनुसार 22 अप्रैल को अर्जी दाखिल होने के बाद कोर्ट ने दो जून को पवन सिंह को पेश होने के लिये नोटिस जारी किया था। लेकिन वह तय तिथि पर नहीं कोर्ट में पेश नहीं हुए। इसके बाद सात जुलाई और एक अगस्त को नोटिस जारी हुआ, फिर भी वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके थे।



परिसर में हंगामा करते लोग

### अदालत परिसर के बाहर अफरातफरी का माहौल

अपनी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह को तलाक देने को लेकर विवादों में घिरे भोजपुरी लोकगायक व फिल्म अभिनेता पवन सिंह शनिवार को अपने अधिवक्ता के साथ बलिया के परिवार न्यायालय पेश हुए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें 20 दिसंबर को फिर से पेश होने का निर्देश दिया है। कोर्ट परिसर में पवन सिंह के निजी सुरक्षाकर्मियों ने कुछ देर के लिए असहज स्थिति उत्पन्न कर दी गई थी, जिससे अदालत परिसर के बाहर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। अदालती कार्यवाही पूरा होने के बाद कोतवाली पुलिस ने अपनी निगरानी में पवन सिंह को सुरक्षित बाहर निकला। इस दौरान उनके समर्थक धक्का मुक्की करते नजर आए।



परिसर से बाहर निकलते पवन सिंह

### प्रति माह पांच लाख रुपये दिलाने की गुहार

पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति ने भरण-पोषण के लिए परिवार न्यायलय में वाद दाखिल किया है। इसमें उन्होंने भरण-पोषण के लिए प्रति माह पांच लाख रुपये दिलाने की गुहार न्यायालय से की है। इसी मामले में अदालत ने पवन सिंह को अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया था। छह मार्च 2018 को भोजपुरी कलाकार पवन सिंह ने बलिया के मिड्ढ़ी निवासी रामबाबू सिंह की पुत्री ज्योति सिंह से परिणय सूत्र में बंधे थे। शादी समारोह जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर चितबड़ागांव के एक होटल में आयोजित किया गया था। शादी के लिये पवन सिंह शहर में कई दिनों तक रुके थे।

## उप मुख्यमंत्री ने दीप जलाकर किया गड़हा महोत्सव का रंगारंग उद्घाटन

# उप्र सरकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के कैलेंडर में शामिल होगा गड़हा महोत्सव

**केटी न्यूज/बलिया**



अखिल भारतीय भोजपुरी विकास सेवा संस्थान से संबद्ध गड़हा विकास मंच द्वारा आयोजित स्व. हरिशंकर राय स्मृति विशाल गड़हा महोत्सव का दूसरे दिन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य उद्घाटन किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले गड़हा महोत्सव से पहले यह कार्यक्रम उप्र सरकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के कैलेंडर में शामिल होगा। जिसके बाद मंच को शुभकामनाओं के साथ अपने संबोधन को समाप्त किया। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत 51 किलो की माला पहनाकर गोपाल राय, सुधीर ओझा, बिजेंद्र राय, चन्द्रमणि राय पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी सहित मंच के अनेक कार्यकताओं द्वारा किया गया। संस्था की तरफ से ब्रजेश पाठक को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस मौके पर मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद वीरेंद्र मस्त, बक्सर विधायक मुन्ना तिवारी, प्रकाश तिवारी, मणिशंकर मिश्रा, संतोष रंजन राय आदि लोग उपस्थित रहे। देरात चले इस कार्यक्रम में भोजपुरी के बिहार और यूपी के कलाकारों ने समां बांध दिया। वहीं, भोजपुरी गीतों पर लोग जमकर थिरके। साथ ही, भोजपुरी सुपर स्टार्स की मौजूदगी ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

# पूरे प्रदेश में महिला के खिलाफ अपराधों की बाढ़ आई हुई है : सरोज यादव

### महिला अपराध के विरोध में ऐपवा ने किया धरना-प्रदर्शन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**




अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) ने प्रदेश में हो रहे महिला अपराध के विरोध में शनिवार को सरजू पांडेय पार्क में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर प्रदर्शनकारी महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सरोज यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में महिला अपराधों की बाढ़ आई हुई है। प्रतिदिन किसी न किसी जिले में हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही है। बच्चियां सबसे ज्यादा हिंसा का शिकार बनाई जा रही हैं और प्रशासन इसे रोक पाने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है। जिला सह सचिव मंजू गोंड ने कहा कि कन्नौज के एक गेस्ट हाउस के परिसर में एक बच्ची घायलावस्था में मिली थी, जो कानपुर के रिजेंसी अस्पताल में भर्ती है। शासन द्वारा कोई सहायता पीड़िता के परिवार को नहीं की गई। सरकार व प्रशासन ने उपचार की कोई जिम्मेदारी नहीं उठाई। यही नहीं उस जघन्य अपराध को करने वाले अपराधी की पहचान के बावजूद अभी तक गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। एपवा जिला उपाध्यक्ष सुकरा देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला अपराध रोकने में पूरी तरह असफल साबित हो चुका है। इसे अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## एक नजर

### डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को मिले स्मार्टफोन



मंच पर संबोधन करते बलिया सांसद व अन्य

**गाजीपुर।** टेबलेट /स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस खुशी के लिए पूज्य योगी जी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का हम विद्यार्थियों की ओर से और आम जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन हुआ। बीते चार नवंबर 2022 को डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम (बाराचवर) गाजीपुर में मुख्य अतिथि वीरेन्द्र सिंह मस्त, सांसद बलिया व विशिष्ट अतिथि पुर्व विधायक कालीचरण, बिजेंद्र सिंह प्रमुख बाराचवर, बीडीओ बाराचवर के उपस्थिति में टेबलेट व स्मार्टफोन का वितरण किया गया। जानकारी के मुताबिक पूज्य पिताजी कर्मवीर सत्यदेव सिंह के सपनों का संसार, डॉ. राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम ढोटारी, बाराचवर, गाजीपुर के प्रांगण में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना, टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण का आयोजन एक उत्सव के तरीके से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र देव सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्म के विद्वान प्राचार्य डॉ विजेंद्र कुमार सिंह ने किया। अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर प्रोफेसर आनंद सिंह व निदेशक प्रमोद कुमार सिंह ने सम्मानित किया। आज के इस कार्यक्रम के संयोजन में दिग्विजय उपाध्याय, अमित रघुवंशी, विवेक सौरभ और सभी शिक्षक बंधु कर्मचारी बंधु अत्यंत सराहनीय भूमिका रही।

### बिजली चोरी के मॉर्निंग रेड में विजिलेंस टीम ने कई लोग पकड़ा



**गाजीपुर।** अधीक्षण अभियंता मोहन राकेश जी के निर्देशन पर महाराजगंज उपकेंद्र के ग्राम बावेड़ी, बुढनपुर में विजिलेंस एवं विभागीय टीम द्वारा मार्निंग रेड की गई। जिसमें विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शेखर सिंह ने बताया कि ग्राम बावेड़ी में नौ लोगों को बिना कलेक्शन लिए हुए अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया। जबकि दस लोगों का मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया। जिसमें सभी लोगों के खिलाफ धारा 135 के तहत विजिलेंस थाना रौजा पर एफआईआर कराया गया एवं 9 लोगों के ऊपर पूर्व में बकाए पर कटी केबिल बिना बिल का भुगतान किए बगैर अवैध तरीके से केबिल जोड़ने पर धारा 138 (इ) में भी एफआईआर कराया गया और ग्राम बुढनपुर में कुल सात लोगों को मीटर बाईपास करते हुए विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया है। उधर सात लोगों को मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग करते हुए पकड़ा गया। जिसमें सभी के उपर एफआईआर कराया गया। आगे उन्होंने बताया कि चेकिंग अभियान लगातार चलता रहेगा जो भी 10 हजार से ऊपर के बकायेदार है। वे लोग तत्काल अपना बिल का भुगतान कर दे एवं जिसका कनेक्शन नही है वे लोग तत्काल अपना कनेक्शन करा लें एवं मीटर बाईपास करके विद्युत उपभोग न करे अन्यथा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर विविध विभागीय कार्यवाही करते हुवे एफआईआर दर्ज की जाएगी। चेकिंग टीम में मुख्य रूप से बिजिलेंस इंस्पेक्टर स्वदेश सिंह, बिजीलेंस जेई पंकज चौहान,अवर अभियंता नीरज सोनी सहित पुलिस बल मौजूद रही।

### गंगा उत्सव : सिकंदरपुर घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**गाजीपुर।** नगर के सिकंदरपुर गंगा व्यवस्था समिति और नेहरु युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत गंगा उत्सव के अवसर पर सिकंदरपुर गंगा घाट पर वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गंगा दूत एवं स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। गंगा घाटों पर फैले फूल- माला, प्लास्टिक आदि कचरे को एकत्रित किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गंगा उत्सव का उद्देश्य गंगा नदी को 4 नवंबर 2008 को राष्ट्रीय नदी घोषित किया गया था इस अवसर पर प्रति वर्ष गंगा नदी के संरक्षण के लिए जन जागरूकता का आयोजन किया जाता है गंगा दूत विभिन्न गंगा से सटे ग्रामों में स्वच्छता अभियान, पेंटिंग प्रतियोगिता, वृक्षारोपण ,गंगा शपथ आदि का आयोजन करते हैं। भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक कार्तिक गुप्ता ने सभी को गंगा शपथ दिलाया एवं कहा कि मां गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हम सभी युवाओं को आगे आना होगा तभी गंगा की धारा अविरल एवं निर्मल होगी। उन्होंने बताया की छठ पर्व के बाद भारी मात्रा में गन्ना पत्तों के अवशेष, काफी मात्रा में गणेश लक्ष्मी की विसर्जित मूर्ति तथा पटाखों और प्लास्टिक का कचड़ा काफी था। जिसे पूजन करने वाले श्रद्धालुओं ने पूजन के बाद यही छोड़ दिया था। जिससे घाट के किनारे गंदगी का अंबार था। आज जनसहयोग से उसे साफ कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजय, अभिनव सिंह, निमेष पांडेय, पवन सिंह, अनिल राय, शुभम प्रकाश त्रिपाठी, हर्षजीत, शाश्वत, दीपक आदि लोग उपस्थित थे। सभी के प्रति आभार सिंकदरपुर गंगा व्यवस्था समिति के संयोजक गर्वजीत सिंह ने प्रकट किया।

# ..और जरायम की दुनिया के दीमकों पर कब होगी कार्रवाई

- सारे प्रकरणों पर पुलिस महकमे के आला अधिकारियों को करना होगा मंथन

**अखिलानंद तिवारी/गाजीपुर**



बीते माह पुलिस अधीक्षक की हनक एवं अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच हेरोइन तस्करों के बड़े गिरोह को पकड़ने में जनपद पुलिस को मिली कामयाबी सराहनीय है। पुलिस कप्तान ने टीम की न केवल पीठ थपथपाई, बल्कि इनाम भी घोषित कर दिया। वाकई पुलिस टीम इसकी हकदार थी। टीम की बहादुरी के लिए यह प्रोत्साहन कम है। लेकिन सवाल यह है कि इनाम पाने वाली यह टीम जरायम की दुनिया के उन दीपकों को नहीं खत्म करती, जो पूरे सिस्टम को चाट रहे हैं। साथ ही, उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करती, जिन्होंने इन तस्करों को अपने यहां पनाह देते रहे? उन्हें क्यों नहीं पकड़ती जो इनका माल खरीदते और बेचते रहे? उनका सूरागरस्सी क्यों नहीं करती जो सफेदपोश इनके पालनहार हैं? यह पता क्यों नहीं लगाती अंतरराज्यीय तस्कर अपने माल कहां -कहां बेचते रहे ? माल के खरीददार कौन-कौन थे? जब तक पुलिस इन बिंदुओं को खंगालने और संलिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक तस्करी का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा। यही नहीं और बढ़ता जाएगा। हमेशा कोई न कोई गिरोह और उसके सदस्य सक्रिय रहेंगे। अफसरों को उनकी तलाश करनी चाहिए, जो इसे बढ़ावा दे रहे हैं।

सवाल यह भी है कि आखिर अब तक जनपद की सीमा में यह हेरोइन कैसे आती थी? बॉर्डर पर इन तस्करों को पार कौन कराता था ? किसके संरक्षण में जनपद में इनका धंधा फल-फूल रहा था? पुलिस अफसरों की नजर अब तक क्यों नहीं इन पर पड़ी? कहीं ऐसा तो नहीं कि सबकुछ जानते हुए भ्रष्ट व तस्करी में लिप्त चंद पुलिसकर्मी चुप्पी साधे हुए थे! और उच्चाधिकारियों की चाबुक पड़ते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई। इन सारे प्रकरणों पर पुलिस महकमे के आला अधिकारियों को मंथन करना होगा। साथ ही, जांच कर ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी करनी होगी। तब जाकर सिस्टम में सुधार के साथ तस्करी पर रोक लगाया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो वो दिन दूर नहीं कि उड़ता पंजाब की जगह उड़ता उत्तर प्रदेश हो जाए।